प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 अक्तूबर 2022

केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा-थोक (ई₹-डब्ल्यू) का प्रायोगिक परिचालन

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 7 अक्तूबर 2022 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से घोषणा की थी कि रिज़र्व बैंक जल्द ही विशिष्ट उपयोग से संबंधित मामलों के लिए डिजिटल रुपया (ई₹) का प्रायोगिक रूप से शुरुआत करेगा। तदनुसार, डिजिटल रुपया- थोक खंड (ई₹-डब्ल्यू) का पहला प्रायोगिक परिचालन 1 नवंबर 2022 से आरंभ होगा।

2. इस प्रायोगिक परिचालन के लिए उपयोग से संबंधित मामला सरकारी प्रतिभूतियों में द्वितीयक बाजार लेनदेन का निपटान है। ई₹-डब्ल्यू के उपयोग से अंतर-बैंक बाजार को और अधिक कुशल बनाने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक मुद्रा में निपटान से, निपटान जोखिम को कम करने के लिए निपटान गारंटी अवसंरचना या संपार्श्विक की आवश्यकता को समाप्त कर लेनदेन लागत को कम किया जाएगा। आगे चलकर, इस प्रायोगिक परिचालन से मिले अनुभव के आधार पर भावी प्रायोगिक परिचालन के लिए अन्य थोक लेनदेन और सीमापारीय भुगतान पर ध्यान दिया जाएगा।

3. इस प्रायोगिक परिचालन में भाग लेने के लिए नौ बैंकों यथा, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी की पहचान की गई है।

4. डिजिटल रुपया – खुदरा खंड (ई₹-आर) का पहला प्रायोगिक परिचालन सीमित उपयोगकर्ता समूहों, जिसमें ग्राहकों और व्यापारियों को शामिल किया जाएगा, के लिए चुनिंदा स्थानों पर एक महीने के भीतर शुरू करने की योजना है। ई₹-आर के प्रायोगिक परिचालन से संबंधित विवरण यथासमय सूचित किया जाएगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1118